NAVBHARAT TIMES, Delhi, 22.3.2023
Page No. 19, Size:(25.90)cms X (21.27)cms.

CNG नावों से खतरे का दावा, NGT का सुनवाई से इनकार

Prachi.Yadav
@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने वाराणसी, उत्तर प्रदेश में गंगा किनारे बने 'नमो घाट' से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। पिटीशन में घाट पर CNG नावों के संचालन से आग लागने के जोखिम का मुद्दा उठाया था। NGT के न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल ने आदेश में कहा कि याचिका में कहीं भी ऐसी किसी घटना के वास्तव में होने का जिक्र नहीं है। याचिका पूरी तरह से भय और और आशंकाओं पर आधारित है। इसमें उठाया गया मुद्दा पर्यावरण से नहीं, बल्कि सुरक्षा सावधानियों से जुड़ा है। अर्जी में कहा गया कि वाराणसी में नमो घाट में संचालित क्रूज CNG से चलते हैं। GAIL अथॉरिटी ने घाट पर CNG फिलिंग स्टेशन लगाए हैं। चूंकि तीर्थयात्री घाट पर दिये जलाकर उन्हें नदी में प्रवाह करते हैं तो ऐसे में इससे आगजनी की घटनाएं होने का खतरा है।

DAINIK BHASKAR, Delhi, 22.3.2023
Page No. 4, Size:(6.73)cms X (6.42)cms.

जिला प्रशासन की अगुवाई में गेल ने गांव पातली में करवाई मॉक ड्रिल

गुड़गांव | जिला प्रशासन गुड़गांव की अगुवाई में मंगलवार को गैस कंपनी गेल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) द्वारा अनुरक्षण बेस के अधीन गांव पातली में गैस पाइपलाइन में "ऑफ साइट इमरजेंसी ड्रिल" का आयोजन किया। दोपहर 12 बजे इस मॉक ड्रिल में राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) व गेल की टीम ने पाइपलाइन गैस रिसाव होने की स्थिति में वहां पर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के तौर तरीकों के बारे में बताया। मॉक ड्रिल में मारुति, एचएसआइडीसी, आईजीएल, होंडा मोटरसाइकल व हीरो मोटो कॉर्प की बचाव टीमों ने भी हिस्सा लिया।